
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# बेटे की प्रतिमा से लिपट कर मां के आंखों से कि निकले आंसू

**गॉड आफ आनर**

## कारगिल विजय दिवस पर याद किये गये जिले के शहीद हुए जवान

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

देहरादून। कारगिल विजय दिवस के दौरान जिले के चार कारगिल शहीदों के भावभीनी बलिदान को याद करने के साथ उन्हें जवानों द्वारा गाड आफ आनर देने के साथ जिले के स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा उनकी याद में पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान उनके परिवार जन भी शामिल हुए। जानकारी के मुताबिक जिले के चार कारगिल शहीदों कुंडल सिह भंडारी,जवाहर सिह धामी,कुंडल सिंह बेलाल और गिरीश सिह सामंत की शहादत को याद करते हुए मानसरोवर वाटिका में गुलबहार के पौधे रोपे गये। वही बता दें कि इन रोपे हुए पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी समाज सेवियों द्वारा स्वयं ली गई।

जिले के समाजसेवियों ने कहा कि शहीदों की शहादत को कभी भूलाया नही जा सकता। उनके शौर्य की गाथा आने वाले पीढ़ियों के लिए प्रेरणा दायक भी साबित होगी। वही कारगिल युद्ध में जिले से देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देनेवाले इन सभी जवानों की शहादत से पूरा जिला ही नही संपूर्ण देश भी गौरवानवित महसूस कर रहा है।



जिले के लागों ने कहा है कि इन जवानों का बलिदान कभी व्यर्थ नही जायेगा। देश की माटी के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर करने वाले इन शहीद वीरों की शहादत का आज पूरा जिला ही नही वरन पूरे देश में हर कोई उनकी गाथा का कायल हो रहा है।

कारगिल युद्व में शहादत दने वाले दूरस्थ तहसील क्षेत्र डीडीहाट के जाबांज कुदन सिह खडायत की माता अपने सुपुत्र की फोटो से कई घंटों लिपटे रह गई। उनकी आंखू से छलके आंसुओं से माहौल गमगीन हो गया। वही जब इन जवानों की शहादता का जिक्र आता है तो सारा देश आज भी कुछ क्षण के लिए आश्चर्य चकित हो जाता है। हर सीना गौरवांवित हो उठता है। जिले के तमाम लोगों ने शहीद स्मारक पर जाकर इन जवानों के बलिदान को याद करने के साथ पुष्प भी अर्पित किये।

कार्यक्रम के दौरान शहीद गिरीश सामंत की पत्नी शंति सामंत,शहीद किशन भंडारी के सुपुत्र जितेंन्द्र भंडारी, शहीद कुंडल बेलाल के भाई प्रकाश बेलाल और शहीद जवाहर सिह धामी की पत्नी लीला देवी मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान केएमवीएन के प्रबंधक दिनेश गुरूरानी ,जनार्दन उप्रेती,रेखा जोशी, डीएन भटट एवंत तमाम सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वह इस मौके पर पुलिस अध ीक्षक प्रीति प्रिर्यदर्शनी व जिलाध िकारी डां विजय कुमार जोगदडे ने भी इन जाबाज शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनके स्मारक पटल पर पुष्प अर्पित किये। वीरांगनाओं को शॉल उड़ाकर सम्मानित भी किया गया। लोक गायक सुरेश प्रसाद सुरीला ने देश भक्ति आधारित गीत भी सुनायें।

## न्यूज डायरी

### अखाड़ों को 1 करोड़ तो व्यापारियों को कम से कम 1 लाख तो दे राज्य सरकार

**संवाददाता** हरिद्वार। महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता सुनील सेठी ने राज्य सरकार से अपील करते हुए सभी व्यापारियों के लिए आर्थिक पैकेज की मांग करते हुए एक एक लाख रुपये की मदद सीधे उनके खाते में डालने की मांग उठाई। सुनील सेठी के नेतृत्व में व्यपारियो ने हाथ में तख्ती लेकर सरकार से गुहार लगाते हुए कहा कि जब अखाड़ों को सरकार एक एक करोड़ रुपये दे सकती है तो व्यपारियो को एक एक लाख क्यो नही। व्यपारियो की हालात सरकार से छुपी नही व्यापार चोपट होने की वजह से पर्यटन स्थल हरिद्वार का बुरा हाल है व्यापारियो के पास बिजली पानी के बिल बच्चो की स्कूल फीस जमा करने तक के पैसे नही ऐसी स्तिथी में सरकार को व्यापारियो की मदद करनी चाहिए।

### देहरादून राजभवन जाते कॉग्रेसियों को पुलिस ने रोका

**संवाददाता** हरिद्वार। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह के आह्वान पर आज देहरादून में राजभवन घेराव कार्यक्रम में हरिद्वार से जा रहे कांग्रेसजनों को शांतिकुंज के बाहर भारी पुलिस बल ने जबरदस्त तरीके से कांग्रेस जनों के वाहनों को रोक दिया गया तथा देहरादून ना जाने की चेतावनी दी। इस कार्रवाई के विरोध में प्रदेश महासचिव डॉ संजय पालीवाल के नेतृत्व में सभी कांग्रेस जनों ने शांतिकुंज के गेट नंबर 2 के बाहर क्योंकि राज्यपाल हरिद्वार आ रही थी इसलिए गेट नंबर 2 के बाहर भाजपा सरकार तथा पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपना विरोध प्रकट किया।

### गैरकानूनी तरीके से नौकरी कर रहे उर्दू अनुवादकों पर मुखर हुआ बेरोजगार संघ

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड बेरोजगार संघ ने प्रदेश के विभिन्न विभागों में गैरकानूनी तरीके से नौकरी कर रहे उर्दू अनुवादकों को उनके पदों से तुरंत निष्कासित करने हेतु जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन लेने एसडीएम मायाराम जोशी जी पहुंचे। उत्तराखंड प्रदेश में कई विभागों में 1996 से गैरकानूनी तरीके से 100 से अधिक कर्मचारी वर्तमान में 2000–5600 प्रे ग्रेड तक कार्य कर रहें हैं जिससे प्रदेश सरकार को प्रत्येक साल करोड़ों रुपए का चूना लग रहा है। बेरोजगार संघ ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि 15 अगस्त तक इन पर उचित कार्यवाही नहीं होती है। तो बेरोजगार संघ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होग। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में नरेंद्र सिंह रावत, खजान राणा, सुरेश सिंह, प्रदीप कुमार, लुसुन टोडरिया, ऋषि चौहान आदि लोग मौजूद थे।

# आपदा प्रभावित क्षेत्र में महिलाओं ने दिखाया प्रशासन को आइना

- मटेना गांव में लकडी का पुल बनाकर अस्थाई पुल किया तैयार
- मार्ग पर यातायात आवाजाही शुरू हो चुकी है

**संवाददाता** पिथौरागढ। मुंसयारी में आपदा प्रभावित क्षेत्रो में राहत व बचाव के कार्य किये जा रहे है। वही थल मुंसयारी मार्ग आवाजाही के लिए खुल गया है। बीते दो दिन से इस मार्ग पर यातायात आवाजाही शुरू हो चुकी है। वही जानकारी जो हाथ लगी है उसके मुताबिक क्षेत्र में 17 मार्ग अभी बंद पडे हुए है।

हरकोट मार्ग में नाले में खेत्र की आपदा प्रभावित महिलाओं द्वारा क्षेत्र में स्वंय के प्रयासों से लटठे डालकर पुलिया बनाई गई है। बता दें कि खेत्र की आवदा प्रभावित महिलाओं ने स्थानीय प्रशासन को आयना दिखाते हुए लकडी का कच्चा पुल तैयार करने के क्षेत्र के प्रभावितों को राहत की सांस लेने का मौका दिया है।

वह इस पुलिया के बनने से क्षेत्र के मालूपाती व मटेना के ग्रमीणों को राहत मिलने के समाचार मिले है। वही क्षेत्र की महिलाओं के द्वारा क्षतिग्रस्त मार्गो को भी ठीक करने के प्रयास किये गये है। बता दें कि धापा गांव मे आपदा पीडितों के लिए राजस्व विभाग द्वारा सुरक्षित स्थानों पर टैंट भी लगाए जाने के समाचार मिले है।

चीन सीमा को जोडने वाले दो मार्ग तवाघाट और लिपुलेख तवाघाट तिदांग मार्ग खुल चुके है। मुंसयारी लीलम मार्ग अभी भी बंद पडा हुआ है। क्षेत्र के प्रशासन द्वारा स्थानीय महिलाओं के इस प्रयास की सराहना भी की गई है।



## राष्ट्रीय विचारधारा के साथ जुड़ने का लिया संकल्प

ऋषिकेश। ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा किए गए विकास कार्यों से प्रभावित होकर आज एक दर्जन से अधिक युवाओं ने राष्ट्रीय विचारधारा के साथ जुड़ने का संकल्प लिया। विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में सभी युवाओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया। श्यामपुर मंडल के अध्यक्ष गणेश रावत के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक युवाओं ने विधानसभा अध्यक्ष के कैंप कार्यालय में आकर उनके द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर उनके साथ चलने का संकल्प लिया।

# पिथौरागढ़ में बारिश का कहर जारी मां बेटे समेंत 47 मवेशी मलबे में दबे

**संवाददाता**

पिथौरागढ। सीमांत तहसील मुंसयारी के गांव भ्योल तोक में दो घर जमीदोजद हो गये। हादसे में मां बेटे के साथ 47 मवेशी भी दब गये। बेटे का शव मौके पर बरामद कर लिया गया है। मां की तलाश में रेस्क्यू अभियाान जारी है।

सीमांत तहसील मुनस्यारी में बारिश का कहर जारी है। जानकारी के मुताबिक मुनस्यारी तहसील के भुजगड नदी घाटी के गूटी गांव में मकान में विशाल बोल्डर गिरने से एक महिला की मौके पर मौत हो गई। ग्रम प्रधान देवकी बिष्ट के अनुसार बांसबगड घाटी के गूटी गांव पर बोल्डर गिरने से जानकी देवी



उम्र 37 साल पत्नी भूपाल सिह की मौके पर मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक तल्ला भैसकोट में दया राम के मकान पर भरी मलबा व पत्थर गिरने से हादसे में मकान पूरा क्षतिग्रस्त हो गया है। उसके परिवार के चार लोगों की जान बाल बाल बच गई है। सूचना मिलते ही मौके पर राजस्व पुलिस और एसडीआरफ की टीम घटना स्थल के लिए रवाना हो गई है।

उपजिलाधिकारी एके शुक्ला भी धारचूला से घटना स्थल की ओर रवाना हो चुके है। जिलाधिकारी डा. विजय कुमार जोगदडे ने तत्काल राहत बचाव कार्य के निर्देश दे दिये है। गंगापानी तहसील के धामी गांव के भ्यौला तोक में रात की इस घटना का ग्रमीणों को पता नही चल पाया ।

सोमवार की सुबह जब ग्रमीणों ने देखा तो भ्योला में भारी भूस्खलन हुआ था। वहां पर स्थित मकानों का नामो निशान तक गायब था। मकान में रह रहे दो लोगों सहित पालतू मवेशी लापता थे। लापता लोगों में बिशना देवी उम्र 55 साल पत्नी हयात सिंह व जवाहर सिह 30 साल है। यह गांव गोरी नदी से दो किमी दूर है। आपदा के लिहाज से सीमांत तहसील में हालात बिगड़ते जा रहे है।

## हरेला के तहत 2 करोड़ पौधारोपण के लक्ष्य को 14 अक्टूबर तक पूरा करें

**संवाददाता** अल्मोड़ा। अध्यक्ष वन पंचायत सलाहकार परिषद (दर्जा राज्य मंत्री) वीरेन्द्र बिष्ट ने आज वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊं वृत्त अल्मोड़ा, प्रभागीय वनाधिकारी भूमि संरक्षण एवं वन पंचायतों के रेंज अधिकारियों के साथ हरेला पर्व वन पंचायतों की समीक्षा बैठक वन विश्राम गृह अल्मोड़ा में की। इस दौरान उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन से प्राप्त हरेला पर्व में प्रदेशभर को दिये गये 02 करोड़ वृक्षारोपण के लक्ष्य को तय समय 14 अक्टूबर, 2020 तक पूरा करें।

उन्होंने कहा कि जहां पर पौधों की उपलब्धता नही है वहां पर अन्य जगहों से पौधों की व्यवस्था की जाय ताकि तय समय से पौधारोपण किया जा सके। दर्जा मंत्री ने कहा कि इस लक्ष्य को पूरा करने में वन विभाग की अहम भूमिका होगी। बैठक में उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा यह लक्ष्य विभाग को देखते हुये रखा गया है। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से कहा गया है कि सक्रिय व गठित वन पंचायतों वृहद वृक्षारोपण किया जाय यह अभियान हरेला पर्व से प्रारम्भ किया गया है।